आतंकवादी हमले व बंधक बनाने की स्थिति से निपटने का किया पूर्वाभ्यास

■ एटीएस के साथ आतंकवादी हमले और बंधको छुडाने की मॉक ड्रिल

उदयपुर, (कासं)। रणनीतिक दूरदर्शिता और तत्परता से हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड जिंक स्मेल्टर देबारी में राजस्थान पुलिस एटीएस के सहयोग से मॉक ड्रिल का आयोजन किया। राजस्थान पुलिस एटीएस उदयपुर के साथ आतंकवादी हमले और बंधकों को छुडाने के लिए जिंक स्मेल्टर देबारी सुरक्षा, बचाव, चिकित्सा और अन्य ईएमआर के साथ संयुक्त मॉक ड्रिल आयोजित की गई। इस महत्वपूर्ण अभ्यास में आतंकवादी हमले और बंधक बनाने की स्थिति से निपटने को पूर्वाभ्यास किया गया। इसे जिंक स्मेल्टर देबारी के कर्मियों और प्रमुख हितधारकों की सुरक्षा उपायों और प्रतिक्रियो क्षमताओं का परीक्षण करने के लिए सावधानीपूर्वक किया गया।

लगभग 2 बजकर 35 मिनट पर अपराधियों द्वारा अचानक सूचना दी गयी कि संयंत्र में आतंवादियों ने घुसपैठ की हैं। इसके बाद वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं वेदांता समूह के मुख्य सुरक्षा अधिकारी गोपाल प्रसाद चैधरी एवं देबारी एसबीयू हेड, अमीत वाली को मुख्य सुरक्षा अधिकारी अनूप के आर ने अंकिता साहू, रितु अरोडा और शिवम तिवारी के साथ संभावित खतरों की विस्तृत जानकारी दी। सीसीटीवी निगरानी के माध्यम से घुसपैठ का पता चलने पर, नियंत्रण कक्ष ने तेजी से आपातकालीन संचार प्रोटोकॉल सक्रिय किया, सीएसओ और आपातकालीन प्रतिक्रिया दल, ईआरटी को सूचित किया। 2.45 मिनट पर स्थानीय पुलिस को सूचित किया गया, जिन्होंने मामले को एटीएस उदयपुर और अन्य संबंधित एजेंसियों को भेज खुफिया टीम, सीएसओ और पुलिस ने एटीएस को विस्तृत जानकारी दी। सुरक्षा दल ने एटीएस टीम को गंभीर खतरे से अवगत कराया। इसके बाद एटीएस की 20 कमांडो की टीम ने कैलाश और भानु प्रताप के नेतृत्व में मॉक ड्रिल के उद्देश्यों और योजना को रेखांकित किया। एचएसई हेड दिगंबर पाटिल, मणिकंदन, श्री राहुल और श्री अब्दुल की टीम के मार्गदर्शन में परिधि को सुरक्षित करने के लिए तत्काल घेरा स्थापित किया गया, जबकि एटीएस ने सामरिक बंधक बचाव योजना तैयार करने के लिए सभी एजेंसियों के साथ समन्वय किया। दो अलग अलग टीम बना कर रणनिती बनाते हुए अलग अलग स्थानों से बंधक बनाने वाले स्थान पर प्रवेश किया गया। जहां से बचाव अभियान दल सभी बंधकों को सुरक्षित रूप से निकालने और बिना किसी हताहत के खतरे को बेअसर करने में सफल रही। ऑपरेशन के बाद, संयुक्त डीब्रीफिंग सत्र आयोजित किया गया, जिसके दौरान एटीएस उदयपुर ने बहुमूल्य जानकारी और प्रतिक्रिया प्रदान की। इस मॉक ड्रिल से प्राप्त जानकारी से जिंक स्मेल्टर देबारी द्वारा एटीएस उदयपुर और सभी भाग लेने वाली टीमों को उनके समर्पण और व्यावसायिकता के लिए हार्दिक आभार व्यक्त किया गया। इस दौरान सीएमओ सुमीत सिरोया और टीम के नेतृत्व में साइट पर मेडिकल टीम उपस्थित थी।

हिन्दुस्तान जिंक में एटीएस के साथ आतंकवादी हमले और बंधको छुडाने की मॉक ड्रिल की गई।

महानाट्य 'कुशल वीरांगना रानी दुर्गावती' का मंचन आज

उदयपुर, (कासं)। शिल्पग्राम के दर्पण सभागार में पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र, उदयपुर एवं सांस्कृतिक स्त्रोत एवं प्रशिक्षण केन्द्र नई दिल्ली के संयुक्त तत्वाधान में मासिक नाट्य संध्या 'रंगशाला' में आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत महानाट्य 'कुशल वीरांगना रानी दुर्गावती' का मंचन रविवार को किया जाएगा।

निदेशक फुरकान खान ने बताया कि माह के प्रथम रविवार को आयोजित होने वाले मासिक नाट्य संध्या रंगशाला के तहत नई दिल्ली से सांस्कृतिक स्त्रोत एवं प्रशिक्षण केन्द्र द्वारा 'कुशल वीरांगना रानी दुर्गावती' महानाट्य प्रस्तुत किया जाएगा। यह महानाट्य महानायिका की 500 वीं जयंती के अवसर पर एक श्रद्धांजलि होगी। इस महानाट्य की संकल्पना एवं निर्देशन डॉ. विनोद नारायण इंदूरकर, अध्यक्ष सीसीआरटी, निमार्ण प्रमुख राजीव कुमार, निदेशक सीसीआरटी, लेखक जुलेशा सिद्धार्थ, सीसीआरटी अध्येता है। दर्पण सभागार शिल्पग्राम में रविवार सायं 7 बजे होने वाले इस महानाट्य में आमजन का प्रवेश निःशुल्क रहेगा। यह कहानी महान वीरांगना रानी दुर्गावती की है। रानी दुर्गावती ने साहस और कुशल नेतृत्व से मुगल साम्राज्य की ताकत का सामना किया।

सार-समाचार

हरियाली अमावस्या का मेला आज से

उदयपुर, (कासं)। लेकसिटी में फतहसागर की पाल से सहेलियों की बाड़ी तक लगने वाला हरियाली अमावस्या का मेला रविवार को लगेगा। दो दिवसीय इस मेले में बड़ी संख्या में गांव व शहरी क्षेत्र के लोग मेले का लुत्फ लेने पहुंचते है। 125 साल पुराने इस मेले का झील के भरने के खुशी में लगाया गया था जिसके बाद से यह अनवरत जारी है। इसमें मुख्यतः बात यह है कि मेले का दूसरा दिन महिलाओं के नाम रहता है और केवल महिलाएं ही इस मेले में आती है और दूसरे दिन पुरूष का प्रवेश वर्जित रहा है। हरियाली अमावस्या के मेले को लेकर शहर के सहेलियों की बाड़ी से यूआईटी पुलिया तक स्टॉल्स शनिवार को सज गई। रविवार को मेलार्थी मेले का आनंद लेंगे। मेलार्थियों को आकर्षित करने के लिए फतहसागर की पाल पर सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होंगे। मेले का आगाज फतहसागर पाल से होकर देवाली छोर तक रहता है। रविवार अवकाश का दिन होने से इस मेले में इस बार अधिक संख्या में मेलार्थियों के पहुंचने की संभावना है। इधर, निगम सांस्कृतिक समिति अध्यक्षा चंद्रकला बोल्या ने बताया कि विश्व भर में अपनी अलग पहचान बनाने वाले हरियाली अमावस्या के मेले की तैयारियों का शनिवार को महापौर गोविंद सिंह टाक एवं उप महापौर पारस सिंघवी के निर्देश पर निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। मेले में प्रवेश एवं प्रस्थान में किसी भी तरह से कोई समस्या ना रहे इस हेतु विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए। 24 घंटे आपातकाल सेवाएं हेतु नगर निगम की फायर ब्रिगेड टीम एवं फतेह सागर पाल पर गोताखोरों को अलर्ट रखने के भी निर्देश दिए जिससे किसी भी आशंका से तुरंत निपटा जा सके। हरियाली अमावस्या मेले के दौरान फतेह सागर की पाल पर पश्चिमी सांस्कृतिक केंद्र द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा, वही सोमवार को मेले के दूसरे दिन केवल महिलाओं का प्रवेश रहेगा।

लाखों की नकदी हड़पी

उदयपुर, (कासं)। शहर के हिरणमगरी थाना पुलिस ने लाखों का माल खरीद कर भुगतान नहीं करने वाले दो आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार अधिषा फास्फेट कंपनी उमरड़ा के अधिकृत प्रतिनिधी मनीष पुरोहित पुत्र कुंजबिहारी पुरोहित निवासी गणपति नगर बोहरागणेश प्रतापनगर ने दो अलग अलग मामले में आरोपी सिद्धार्थ जायसवाल पुत्र कैलाशचंद्र जायसवाल निवासी एसआर ट्रेडर्स बिसकोहर रोड़ ईटावा बाजार सिद्धार्थनगर यूपी के खिलाफ एवं जितेन्द्र कुमार शुक्ल पत्र शिव कुमार शुक्ल निवासी बरती बानसी मैन रोड़ सिद्धार्थनगर युपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया। जिसमें पीडित ने बताया कि मेरी कंपनी कृषित खाद बनाने का काम करती है। आरोपी सिद्दार्थ को 18 लाख 56 हजार 583 रूपये का माल बेचा बदले में आरोपी ने चैक दिया जो बैंक में प्रस्तुत करने पर अनादतिर हो गया। इसके बाद रूपयों की उगाही करने पर आरोपी ने केवल 2 लाख रूपये का भुगतान किया। शेष नकदी हडपी ली। संपर्क करने पर कोई संतोष प्रद जवाब नहीं दिया। इसी तरह जितेन्द्र को 19 लाख 21 हजार 156 रूपये का माल बेचा था। बदले में आरोपी ने चैक दिया जो बैंक में प्रस्तुत करने पर अनादरित हो गया। संपर्क करने पर कोई संतोषप्रद जवाब नहीं दिया। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की है।

दुष्कर्म का मामला दर्ज

उदयपुर, (कासं)। । नाबालिग का अपहरण कर उसके साथ दुष्कर्म कर गर्भवती करने वाले के खिलाफ पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीडित ने आरोपी पियूष पुत्र बाबुलाल अहारी निवासी कातरवास के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया। जिसमें उसने बताया कि 9 मई 2024 को आरोपी मेरी नाबालिग पुत्री को बहला फुसला कर अपने घर ले गया। जहां उसने उसके साथ दुष्कर्म किया। जिसके चलते तीन माह का गर्भ हो गया। इसका पता चलने पर आरोपी ने मेरी पुत्री को घर से निकाल दिया। वहां से घर लौट कर परिजनों को आपबीती बताई। पुलिस को सूचना कर प्रकरण दर्ज करवाया।

ई-मित्र दुकान से नकदी चोरी

उदयपुर, (कासं)। जिले के पाटिया थाना क्षैत्र में स्थित ईमित्र दुकान से चोर नकदी चुरा ले गए। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीडित राजहंस पुत्र पन्नालाल कलाल निवासी कनबई पाटिया ने पुलिस थाने में प्रकरण दर्ज करवाया। जिसमें उसने बताया कि 1 अगस्त रात में आए चोर दुकान के पिछवाड़े में लगी जाली तोड़ अंदर घुस गल्ले में रखे 80 हजार रूपये चुरा ले गए। दूसरे दिन दुकान पर पहुंचने पर वारदात का पता चलने पर पुलिस को सूचना कर प्रकरण दर्ज करवाया।

प्रवेशोत्सव को लेकर बैठक

डूंगरपुर, (निसं)। विद्यालय प्रवेशोत्सव को लेकर बैठक को श्री गौरीशंकर उपाध्याय राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय-डूंगरपुर में प्राचार्य लता भट्ट की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। इस दौरान सभी छात्रावास अधीक्षक गणमान्य नागरिकों के साथ विद्यालय प्रवेशोत्सव, उपस्थित एवं ठहराव, पौधरोपण और वर्तमान समय में बढती अपराध प्रवृत्तियों के रोकथाम के लिए चर्चा की गई।

सार-समाचार

श्री देवेंद्र धाम में किया पौधरोपण

उदयपुर, (कासं)। भुवाणा मार्ग पर सेलिब्रेशन मॉल के सामने स्थित श्री देवेंद्रधाम परिसर में शनिवार को राज्य सरकार के महत्वाकांक्षी अभियान हरियालो राजस्थान तथा एक पेड मां के नाम के तहत पौधरोपण कार्यक्रम जिला कलक्टर अरविन्द पोसवाल के आतिथ्य में हुआ। जैनाचार्य श्री देवेंद्र मुनि शिक्षण एवं चिकित्सा शोध संस्थान ट्रस्ट तथा बैंक ऑफ बडौदा रिटायरीज ऑफिसर्स एसोसिएशन (यंग ग्रुप) के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में जिला कलक्टर श्री पोसवाल ने प्रकृति की उपादेयता बताते हुए अधिक से अधिक लोगों को पौधरोपण अभियान में जुडने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान धाम परिसर में विभिन्न प्रजाति के पौधे लगाए गए। इस दौरान ट्रस्ट की कार्यकारी अध्यक्ष रजनी डांगी, प्रकाश जगड़ावत, सुरेश बड़ाला, हिम्मत मेहता, गर्वित सिसोदिया, अर्पित बड़ाला, हर्षित सिंघवी, यंग ग्रुप के प्रकाश जैन,हरीश पालीवाल, डालचंद सिंघवी, सुरेश भादविया, जी सी शर्मा, विनोद धर्मावत, अनादि भट्ट, मुकुट पोखरना आदि उपस्थित रहे।

370 अपराधी गिरफ्तार

उदयपुर, (कासं)। उदयपुर पुलिस की 120 टीमों ने विभिन्न स्थानों पर दबीश देकर तीन सौ सत्तर अपराधियों को गिरफ्तार किया। जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देश पर अपराधों की रोकथान एवं अपराधियों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे विशेष तलाशी अभियान के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश ओझा, गोपाल स्वरूप मेवाड़ा, अंजना सुखवाल जिले के सभी पुलिस उप अधीक्षक के सुपरविजन में जिले के सभी थानाधिकारियों के नेतृत्व में 120 टीमों का गठन कर जिसमें 600 पुलिस अधिकारी व कर्मचारियों ने शनिवार तडके 5 बजे से 7 बजे तक अपने अपने सीमा क्षैत्र में 700 स्थानों पर दबीश दी। इस दौरान आर्म्स एक्ट, एनडीपीएस एकट, आबकारी अधिनियम, हत्या, हत्या का प्रयास, लूट, डकैती, स्थाई वारंटी एवं वांछित कुल 370 अपराधिों को गिरफ्तार किया। जिनमें जगन्य अपराधों के 4, स्थाईं वारंटी 26, वांछित 29 अपराधियों को गिरफ्तार किया तथा 310 बदमाशों को पाबबंद कराया। जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल ने जिले में अपराधियों के खिलफ सख्त कार्यवाही करने के लिए लगातार अभियान जारी रहने जानकारी दी।

पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

उदयपुर, (कासं)। ग्रीन पीपुल्स सोसायटी के तत्वावधान में शनिवार को पूर्व प्रधान मुख्य वन संरक्षक राजस्थान एस.के.वर्मा के 90वें जन्मदिन के अवसर पर फतहसागर संजय पार्क में पौधरोपण किया गया। वर्मा ने पौधा लगाकर स्वच्छ पर्यावरण, झीलों की स्वच्छता एवं उदयपुर की ऐतिहासिक विरासत को संजोकर रखने का संदेश दिया। उन्होंने सज्जनगढ़ में नए बन रहे सर्प-गृह एवं लायन सफारी के संबंध में विशेष जानकारी ली। उदयपुर संभाग के मुख्य वन्य संरक्षक सुनील छेत्री, उपवन संरक्षक मुकेश सैनी एवं उपवन संरक्षक डी.के. तिवारी ने वर्तमान मे चल रहे विकास कार्यों की जानकारी दी। ग्रीन पीपल सोसायटी के अध्यक्ष राहुल भटनागर ने वर्मा का माल्यार्पण कर अभिनंदन किया। कार्यक्रम में जीपीएस के शरद श्रीवास्तव, सुहेल मजबूर, यासीन पठान, इस्माइल अली दुर्गा, एसके वशिष्ठ, अरुण सोनी, प्रतापसिंह चुंडावत, गौरव त्रिवेदी, ललित जोशी, इंद्रजीत माथुर एवं वीएस राणा आदि उपस्थित रहे। इस अवसर पर विभिन्न प्रजातियों के कुल 50 पौधे लगाए गए।

नुक्कड़ नाटक का आयोजन

उदयपुर, (कासं)। सामुदायिक चिकित्सा विभाग, गीतांजलि मेडिकल कॉलेज और अस्पताल ने भारतीय अंगदान दिवस के अवसर पर अंगदान के प्रति जागरूकता के लिए नुक्कड नाटक का आयोजन किया। नाटक के माध्यम से जीएमसीएच के प्रशिक्षुओं ने बताया कि अंगदान एक बहुत ही नेक कार्य है और इससे कई लोगों की जान बचती है। विभागाध्यक्ष डॉ. मुकुल दीक्षित ने बताया कि अंग दान के बारे में जागरूकता लोगों के लिए सबसे महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम के दौरान सामुदायिक चिकित्सा विभाग से डॉ. अंजना वर्मा, डॉ. मेधा माथुर, डॉ. ज्योति जैन, डॉ. भगराज चौधरी, डॉ.अमित कुमार, डॉ. जितेंद्र हिरानी विचित्र और डॉ. मनीष उपस्थित थे।

काव्य गोष्ठी का आयोजन आज

उदयपुर, (कासं)। भारतीय लोक कला मण्डल में रविवार को काव्य गोष्ठी का आयोजन होगा। निदेशक डॉ. लईक हुसैन ने बताया कि भारतीय लोक कला मण्डल ''काव्य गोष्ठी'' में मुख्य शायर देश के प्रसिद्ध एवं नामी शायर रोशन निजामी चंदौसी, उत्तर प्रदेश होगे इसके साथ ही दीपक नगायच रोशन, इकबाल हुसैन इकबाल, डॉ. इस्हाक फुर्कत, कविश टण्डन, अमृता बोकडिया, रामदयाल मेहर, सागर मल सरार्फ, जगवीर सिंह कानावत, कैलाश सोनी, मनीष सेवक जैसे प्रसिद्ध कवि एवं शायर प्रस्तुति देंगे। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम भारतीय लोक कला मण्डल के ग्रामीण संचार हॉल में रात्रि 8 बजे से होगा जिसमें आमजन का प्रवेश निःशुल्क रहेगा।

एल्युमिनाई मीट का आयोजन

उदयपुर, (कासं)। जनार्दन राय नागर राजस्थान विद्यापीठ (डीम्ड टू बी विवि, उदयपुर के संगठक लोकमान्य तिलक शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय की ओर से शनिवार को महाविद्यालय के 59 वें स्थापना दिवस पर एल्युमिनाई मीट 2024 का आयोजन महाविद्यालय के सभागार में किया गया। पुरातन छात्र परिषद सम्मेलन आयोजित हुआ।

कार्यक्रम का आरंभ एलुमनाई अध्यक्ष विजय राज शक्तावत के स्वागत उद्बोधन से हुआ महाविद्यालय के विविध विभागों से प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके 200 से अधिक पूर्व प्रशिक्षणार्थियों की उपस्थिति में आयोजित एलुमनाई मीट की अध्यक्षता करते हुए कुलपति प्रो. एस.एस. सारंगदेवोत ने कहा कि पूर्व छात्र संस्था की विरासत एवं धरोहर है। पुरातन छात्रों धवल आमेटा,धीरेन्द्र सिंह, नरेश , अर्जुन विश्नोई, भगवान सुखवाल, ने। अपने प्रशिक्षण के अनुभवों को साझा करते हुए लोकमान्य तिलक शिक्षक महाविद्यालय, डबोक को वर्तमान सेवाकाल के दौरान संस्कारों से संवर्द्धन में योगदान को अधिरेखांकित करते हुए मूल्यों की तपोभूमि बताया। एलुमनाई छात्र अपनी परंपरागत वेषभूषा में भी पहुंचे और राजस्थान की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को महाविद्यालय परिसर में जीवंत किया। महाविद्यालय के वर्तमान प्रशिक्षणार्थियों ने आगंतुकों के स्वागत में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। पुरातन छात्रों को अपने प्रशिक्षकों से पुनः मिलाने व स्मृतियों को तरोताजा करने के उद्देश्य से महाविद्यालय से सेवानिवृत शिक्षक प्रशिक्षकों प्रो. प्रवीण चंद्र दोशी, डॉ. देवेन्द्रा आमेटा, डॉ किरण घेरा,प्रो. शशि चित्तौडा, डॉ. वृन्दा शर्मा , डॉ मनीष सक्सेना, को भी इस आयोजन में विशेष रूप से आमंत्रित कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में सम्मिलित प्रत्येक एलुमनाई को उपरणा एवं स्मृति चिन्ह भेंट सम्मानित किया। कार्यक्रम में पुरातन छात्रों के लिए आयोजित स्नेह भोज में कुलपति कर्नल प्रो. शिवसिंह सारंगदेवोत की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम का संचालन डॉ. हरीश चौबीसा ने तथा धन्यवाद की रस्म प्राचार्य प्रो. सरोज गर्ग ने अदा कि। अंत में अगले सत्र में पुनः मिलने के वादे के साथ पुरातन छात्र सम्मेलन समाप्त हुआ। इस मौके पर डॉ बलिदान जैन, डॉ. अमी राठौड़, डॉ. हीना खान, डॉ. सुनीता मुर्डिया , डॉ. सपना श्रीमाली, डॉ. नीरू राठौड़, डॉ. हेमंत साहू, डॉ. अपर्णा श्रीवास्तव, डॉ. हरीश मेनारिया, डॉ. पुनीत पांडिया, डॉ. अमित दवे आदि मौजूद रहे।

एलुमनाई मीट को कुलपति प्रो. एस.एस. सारंगदेवोत ने संबोधित किया।

एक्सपर्ट टॉक का आयोजन

उदयपुर, (कासं)। गीतांजली इन्स्टिटियूट ऑफ टेक्नीकल स्टडीज (गिट्स) डबोक, उदयपुर में विद्यार्थियों को इण्डस्ट्री रेडी बनाने के लिए इलेक्ट्रोनिक्स एण्ड कम्युनिकेशन इण्जिनिरिंग विभाग के तत्वाधान में स्ट्रेटीज फॉर सक्सेस इन कॉर्पोरेट वर्ड पर एक्सपर्ट टॉक का आयोजन किया गया।

संस्थान के निदेशक डॉ. एन. एस. राठौड ने बताया कि कॉर्पोरेट रणनीति एक व्यापक योजना हैं जो किसी कम्पनी के दीर्घकालिक लक्ष्यों एवं प्रतिस्पर्धात्मक लाभों को प्राप्त करने के निर्णयों में मार्गदर्शन करती हैं। इण्डस्ट्री में आज की मांग के अनुसार विद्यार्थियों को तैयार रहना होगा। अपने कार्यात्मक कौशल को व्यवसायिक कौशल में बदलना होगा। प्रॉब्लम सॉलविंग, लर्निंग एडॉप्टब्लिटी, नवाचार एवं रचनात्मकता को बढावा देना होगा। इन सब बातों से विद्यार्थियों को अवगत कराने के लिए सिक्योर मीटर की प्रोसेस एक्सीलेंस मैनेजर ऐश्वर्या शर्मा को मुख्य वक्ता के तौर पर आमंत्रित किया। बतौर मुख्य वक्ता शर्मा ने विद्यार्थियों से कहा कि आप सभी को डेटा एनालिसिस पर ध्यान देने की जरूरत हैं। सभी के अन्दर कुछ न कुछ अद्वितीय गुण होते हैं बस उसे निखारने की जरूरत हैं।

कार्यकारिणी की घोषणा

डूंगरपुर, (निसं)। संस्कार भारती इकाई डूंगरपुर की साधारण सभा में चुनाव अधिकारी संदीप पण्ड्या, प्रांत मंत्री तथा महामंत्री सतीश आचार्य के मार्गदर्शन में कार्यकारिणी की घोषणा की गई। जिसमें अध्यक्ष का दायित्व ओमप्रकाश जेठवा ,उपाध्यक्ष डॉ.चंद्र प्रकाश पंवार (प्रथम) कोष प्रमुख जगदीश वैष्णव के नाम व दायित्व की घोषणा की गई।

क्रीडा मंडल की बैठक आयोजित

उदयपुर, (कासं)। महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौधोगिकी विवि उदयपुर के क्रीडा मण्डल सदस्यों एवं संघटक महाविद्यालयों के खेल प्रभारी अधिकारियों की एक बैठक छात्र कल्याण निदेशालय में रखी गयी।

जिसमें सत्र 2024-25 में आयोजित होने वाली खेलकूद से सम्बन्धित छात्र गतिविधियों के विभिन्न बिन्दूओं पर विस्तृत चर्चा की गई। छात्र कल्याण निदेशालय के छात्र कल्याण अधिकारी एवं अध्यक्ष, क्रीडा मण्डल डॉ. मनोज कुमार महला ने सभी का स्वागत करते हुए आगामी सत्र 2024-25 के संदर्भ में आयोजित की जाने वाली गतिविधियों एवं खेल सुविधाओं में बढोतरी के साथ-साथ छात्रों के लिए प्रवेश पश्चात् खेलों में भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए महाविद्यालय एवं विवि स्तर पर वार्षिक कैलेण्डर बनाये जाने की बात रखी। साथ ही डॉ. महला ने खेल सुविधाओं में बढोतरी एवं खैल मैदानों के रखरखाव के साथ वर्तमान उपलब्ध सुविधाओं के संदर्भ में भी विस्तृत चर्चा करते हुए छात्रों को दिये जाने वाले दैनिक भत्ते, किट, खेल सामग्री, निर्णायकगणों को दिये जाने वाले मानदेय के साथ क्रीडा मण्डल वं महाविद्यालयों में खैलों के बजट का भी निर्धारण विश्वविद्यालय स्तर पर करने की बात कही।

600 से अधिक लोगों ने ली अंगदान की शपथ

■ आरएनटी के विशेषज्ञ पैनल ने लीवर, ब्रेन, हार्ट सहित अन्य विषयों पर लोगों के सवालों के जवाब दिए

उदयपुर, (कासं)। राष्ट्रीय अंगदान दिवस के उपलक्ष्य में रविन्द्रनाथ टैगोर आयुर्विज्ञान महाविद्यालय के तत्वावधान में सवाल आपके जवाब हमारे जन जागरूकता कार्यक्रम शनिवार को आरएनटी परिसर स्थित न्यू ऑडिटोरियम में आयोजित हुआ। इसमें अंगदान के महत्व पर चर्चा करते हुए अधिक से अधिक लोगों को अंगदान के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में उपस्थित 600 से अधिक लोगों ने अंगदान की शपथ ली। कार्यक्रम के दौरान आरएनटी के विशेषज्ञ पैनल ने लीवर, किडनी, ब्रेन, हार्ट सहित अन्य विषयों पर लोगों के सवालों के जवाब दिए।

कार्यशाला के प्रारंभ में प्राचार्य एवं नियंत्रक डॉ विपिन माथुर ने स्वागत करते हुए अंगदान की आवश्यकता और महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि एक व्यक्ति अंगदान के माध्यम से 7 से 8 लोगों को नया जीवन दे सकता है। अंगदान ही एक मात्र ऐसा विकल्प है जिसमें मरने के बाद भी जिन्दा रह सकते हैं। उन्होंने महर्षि दधीचि के देहदान का जिक्र करते हुए कहा कि विश्व में अंगदान का प्रथम उदाहरण महर्षि दधीचि हैं। उनकी अस्थियों से ही वज्र जैसा शस्त्र बना जिससे दुष्टों का विनाश किया गया। उन्होंने कहा कि भारत में अंगदान को लेकर जागरूकता की है, इससे कई आवश्यकता वाले मरीजों को जरूरत अंग नहीं मिल पाते। उन्होंने अधिक से अधिक लोगों को अंगदान के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य व नियंत्रक एवं सीनियर गेस्ट्रोएंट्रोलॉजिस्ट डॉ विपिन माथुर, गैस्ट्रो सर्जन डॉ डीके शर्मा, कार्डियोलॉजिस्ट डॉ मुकेश शर्मा, डॉ विनय नाथानी, न्यूरो फिजिशियन डॉ तरुण रलोत, न्यूरो सर्जन डॉ गौरव जायसवाल, यूरोलॉजिस्ट डॉ वरुण लड्ढा एवं ट्रांसप्लांट व ऑर्गन रिट्रीवाल के नोडल ऑफिसर यूरोलॉजिस्ट डॉ सुनील गोखरू ने विभिन्न सवालों के जवाब दिए। विशेषज्ञों ने हेल्दी लाइफ स्टाइल के बारे में बताया। साथ ही बीमारी होने पर विशेषज्ञों से संपर्क करने तथा डॉक्टर की सलाह के बिना इलाज बंद नहीं लेने की बात कही। उन्होंने बताया कि कई बार बिना परामर्श के दवाओं का सेवन करने से शहर के महत्वपूर्ण अंगों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। पैनल ने अंगदान ट्रांसप्लांट व ब्रेन डेथ के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन सर्जन डॉ राजवीर सिंह व सीनियर नर्सिंग ऑफिसर एवं ट्रांसप्लांट कोऑर्डिनेटर हरीश चौबीसा ने किया।

कार्यक्रम में आरएनटी मेडिकल कॉलेज स्टाफ, मेडिकल स्टूडेंटस्, नर्सिंग स्टूडेंटस्, समाजसेवी सहित करीब 600 से अधिक लोग मौजूद रहे। सभी ने अंगदान की शपथ ली।

आरएनटी के प्रथम अंगदाता के परिवारजन का अभिनंदन करते प्राचार्य।

राजस्थान-सरकार
कार्यालय खनि अभियन्ता खान एवं भू-विज्ञान विभाग, राजसमन्द खण्ड द्वितीय
खनिज भवन, आर.के.हॉस्पीटल के सामने, भीलवाड़ा बाई पास रोड़, राजसमन्द
ईमेल-me.rajsamand2@rajasthan.gov.in
क्रमांक:खअ/राज-2/सीसी-II/एम.एल.263/1996/85 दिनांक:2.8.24
आम सूचना नोटिस
खनन पट्टा संख्या 263/1996 निकट ग्राम उपली ओडन तहसील नाथद्वारा जिला राजसमन्द (राज.) वास्ते खनिज लाईमस्टोन (चिप्स)एण्ड मैसेनरी स्टोन श्री जगदीश पालीवाल पुत्र श्री राम किशन पालीवाल निवासी उपली ओडन तहसील नाथद्वारा, जिला-राजसमन्द (राज.) के पक्ष में अवधि दिनांक 20.05.1998 से 50 वर्ष तक के लिये स्वीकृत है। चूंकि खनन पट्टाधारी श्री जगदीश पालीवाल की मृत्यु दिनांक 24.06.2024 को हो जाने से उक्त खनन पट्टे का नामान्तरण उनके पुत्र श्री पंकज पालीवाल पुत्र स्व.श्री जगदीश पालीवाल निवासी-उपली ओडन तहसील नाथद्वारा, जिला-राजसमन्द (राज.) के पक्ष मे नामान्तरण के संबंध में किसी व्यक्ति को आपत्ति/परेशानी हो तो 15 दिवस में उपर अंकित अनुसार कार्यालय पत्ते पर लिखित में आपत्ति दर्ज करावें।
आज्ञा से
खनिज अभियन्ता, राजसमन्द खण्ड द्वितीय

COLLEGE OF TECHNOLOGY AND ENGINEERING
Maharana Pratap University of Agriculture and Technology UDAIPUR – 313001 (Rajasthan)
No.: CTAE/Acctts/Tender/2024/3404 Date: 31-07-2024
NOTICE INVITING e-TENDERS
Single stage, unconditional bids for supply of various **Hostel mess Services** are invited through online bid submission to **https://eproc.rajasthan.gov.in**; and **Electric maintenance services** are invited through bid submission in hard copy. The last date of bid submission is up to **4:00 PM of 03-09-2024.** The Bids can also be downloaded from the websites **www.mpuat.ac.in** or **http://sppp.rajasthan.gov.in.** In future any corrigendum related to the bids will be available on the above websites only.
UBN:ATU2425SLRC00117 to 119 and ATU2425SSRC00116 DEAN, CTAE

बैंक ऑफ बड़ौदा Bank of Baroda
देबारी शाखा, भंवर प्लाजा, ट्रान्सपोर्ट नगर के पास उदयपुर, राजस्थान 313024, फोन नं. : 8875878617
ई-मेल: debari@bankofbaroda.com
प्रतिभूतिहित (प्रवर्तन) नियम, 2002, परिशिष्ट IV [नियम 8(1) देखें]
कब्जा सूचना (अचल सम्पत्ति के लिए)
जबकि
निम्नहस्ताक्षरकर्ता **बैंक ऑफ बड़ौदा** के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन और प्रतिभूतिहित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (2002 का अधिनियम संख्यांक 54) के अंतर्गत और धारा 13(12) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में, प्रतिभूतिहित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 3 के साथ पठित, ऋणी **श्री राम चन्द्र रेगर पुत्र श्री वरदीचंद रेगर, श्री धर्मराज आर्य पुत्र श्री राम चन्द्र रेगर** एवं **श्रीमती लीला आर्य पत्नी श्री राम चन्द्र रेगर** पर **मांग सूचना दिनांक 22.05.2024** पर उस सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के भीतर **दिनांक 19.05.2024 को बकाया राशि रू. 33,69,404.70 (रूपये तैंतीस लाख उनहतर हजार चार सौ चार एवं पैसे सत्तर मात्र) (दिनांक 19.05.2024 तक ब्याज शामिल करते हुए) एवं इससे आगे का ब्याज व अन्य खर्चे व लागतों** का पुनर्भुगतान करने के लिए मांग सूचना जारी की गई।
ऋणी द्वारा राशि का पुनर्भुगतान करने में असफल होने पर एतद्वारा सूचना ऋणी और आम जनता को दी जाती है कि निम्नहस्ताक्षरकर्ता ने **दिनांक 01, माह अगस्त, वर्ष 2024** को उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के अंतर्गत, उक्त अधिनियम की उपधारा 8 के साथ पठित उस पर प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में एतस्मिन नीचे वर्णित सम्पत्ति को कब्जे में ले लिया है।
ऋणी को विशेष एवं आम जनता को एतद्वारा सम्पत्ति के साथ कोई संव्यवहार नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और सम्पत्ति के साथ किया गया कोई भी संव्यवहार **दिनांक 19.05.2024 को बकाया राशि रू. 33,69,404.70 (रूपये तैंतीस लाख उनहतर हजार चार सौ चार एवं पैसे सत्तर मात्र) (दिनांक 19.05.2024 तक ब्याज शामिल करते हुए) एवं इससे आगे का ब्याज व अन्य खर्चे व लागतों** का पुनर्भुगतान करने के लिए **बैंक ऑफ बड़ौदा, देबारी शाखा, भंवर प्लाजा, ट्रान्सपोर्ट नगर के पास, उदयपुर, राजस्थान 313024** के प्रभार के अधीन होगा।
कर्जदार का ध्यान, प्रतिभूत आस